महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

जनसंपर्क कार्यालय

PUBLIC RELATIONS OFFICE

ज्ञान शांति मैत्री

75 आज़ादी का अमृत महोत्सव

हिंदी विश्वविद्यालय में स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत ली स्वच्छता की शपथ

गांधी जयंती तक चलेगा स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता उपक्रम

वर्धा, 17 सितंबर 2024: महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में भारत सरकार के 'स्वच्छता ही सेवा-2024 अभियान' के अंतर्गत सोमवार 17 सितंबर को अपराह्न 05:00 बजे कस्तूरबा सभागार में सभी शिक्षकों, शिक्षकेतर कर्मचारियों और विद्यार्थियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गयी। कुलपति प्रो. कृष्ण कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित शपथ ग्रहण कार्यक्रम में कुलसचिव प्रो. आनन्द पाटील उपस्थित रहे। इस दौरान कुलपति प्रो सिंह ने सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाई और अपने उद्बोधन में कहा कि



विश्वविद्यालय में आगामी 2 अक्टूबर यानी गांधी जयंती तक स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है जिसमें विभिन्न उपक्रमों को शामिल किया गया है। इस आयोजन में सभी को शामिल होने की अपील भी उन्होंने की। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के संयोजक डॉ. बालाजी चिरडे ने किया। विवि के क्षेत्रीय केंद्र कोलकाता एवं प्रयागराज के शिक्षक व विद्यार्थी भी शपथग्रहण में शामिल हुए। भारत सरकार ने 2 अक्टूबर को स्वच्छ भारत दिवस मनाने का निर्णय किया है। 'स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता' इस विषय पर इस वर्ष स्वच्छता के प्रति सामाजिक भागिदारी सुनिश्चित करते हुए विविध स्पर्धा, पौधारोपण, वेस्ट टू बेस्ट, वस्तु का पुनर्उपयोग, सांस्कृतिक उत्सव, वाकेथान,एक पेड़ मां के नाम, नुक्कड़ नाटक आदि कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस अभियान में सभी मंत्रालयों के साथ-साथ ग्राम पंचायत, नगर पालिका एवं विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक संस्थाओं को भी अपनी भागिदारी करने की अपील की गई है।

पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा-442001 (महाराष्ट्र), भारत

ई-मेल/E-mail: mgahvpro@gmail.com, वेबसाइट/Website: www.hindivishwa.org

दूरभाष : +91-7152-252651 मोबाइल/Mobile : 9960562305